/font>

Title: Need to ensure early shifting of the office of Power Grid Corporation of India Limited from Faridabad to Lucknow.

डॉ. अशोक पटेल (फतेहपुर) : उपाध्यक्ष जी, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. अपना उत्तरी क्षेत्रीय ट्रांसमिशन मुख्यालय फरीदाबाद से लखनऊ स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है। मुख्यालय को यथाशीघ्र स्थानांतरित करने के बारे में कारपोरेशन के सी.एम.डी. से भी अनुरोध किया गया था ताकि पावर ग्रिड और उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के बीच और अधिक समन्वय स्थापित हो सके और राज्य में बिजली की स्थिति में सुधार हो सके। इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिये जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे राज्य की जनता को बिजली की भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस बारे में संबंधित अधिकारियों को यथोचित निर्देश जारी किये जाएं ताकि राज्य में बिजली की स्थिति में शीघ्र सुधार हो सके।